	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	फाल्गुन 24, बुधवार, शाके 1944-मार्च 15, 2023 *Phalguna 24, Wednesday , Saka 1944- March 15, 2023*	

भाग-3(क)

राजस्थान विधान सभा में प्रस्तुत किये गये या प्रस्तुत करने से पूर्व प्रकाशित किये गये विधेयक।

राजस्थान विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

जयपुर, 15 **मार्च**, **20**23

संख्या एफ. 13**(11)विशा/विस/**2023/ :-**राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक, 2023** जैसा कि दिनांक **15 मार्च**, 2023 को राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया गया**,** सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

महावीर प्रसाद शर्मा**,**
प्रमुख सचिव ।

<u>202</u>3 <u>का विधेयक सं. 11</u>

राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक, 2023

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया गया)

संगठित अपराध सिंडिकेट या गिरोह के आपराधिक क्रियाकलाप के निवारण और नियंत्रण, और उससे निपटने के लिए और उससे संसक्त या आनुषंगिक विषयों के लिए विशेष उपबंध करने हेतु विधेयक।

भारत गणराज्य के चौहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारम्भ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण अधिनियम, 2023 है।

(2) इसका प्रसार सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में है।

(3) यह ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. परिभाषाएं.- (1) इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "दुष्प्रेरण" में, उसके व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित, निम्नलिखित सम्मिलित है,-

(i) किसी भी व्यक्ति से, इस वास्तविक ज्ञान के साथ या यह विश्वास करने का कारण रखते हुए कि ऐसा व्यक्ति किसी भी रीति से, किसी संगठित अपराध सिंडिकेट की सहायता करने में लगा हुआ है, सम्पर्क या सहयोजन;

(ii) ऐसी कोई भी सूचना, जिससे संगठित अपराध सिंडिकेट को सहायता मिलने की संभावना हो, किसी विधिपूर्ण प्राधिकार के बिना, आगे बढ़ाना या उसका प्रकाशन करना और संगठित अपराध सिंडिकेट से अभिप्राप्त किसी दस्तावेज या सामग्री को आगे बढ़ाना, या उसका प्रकाशन या वितरण करना; और

(iii) संगठित अपराध सिंडिकेट को, चाहे वित्तीय रूप से या अन्यथा, कोई सहायता देना;

(ख) "संहिता" से दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 2) अभिप्रेत है;

(ग) "सक्षम प्राधिकारी" से, धारा 13 के अधीन नियुक्त सक्षम प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) "निरन्तर विधिविरुद्ध क्रियाकलाप" से, तत्समय प्रवृत्त विधि द्वारा ऐसा कोई प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप जो तीन वर्ष या उससे अधिक के कारावास से दण्डनीय कोई संज्ञेय अपराध है और जो संगठित अपराध सिंडिकेट के किसी सदस्य के रूप में या ऐसी सिंडिकेट की ओर से या तो अकेले या संयुक्त रूप से किया गया हो, जिसके संबंध में एक से अधिक आरोप पत्र दस वर्ष की पूर्ववर्ती कालावधि के भीतर-भीतर किसी सक्षम न्यायालय के समक्ष दाखिल किये गये हों और ऐसे न्यायालय ने ऐसे अपराध का संज्ञान लिया हो, अभिप्रेत है;

(ङ) "संगठित अपराध" से, किसी व्यष्टि द्वारा कोई भी ऐसा चालू रहने वाला विधिविरुद्ध क्रियाकलाप, जो या तो किसी संगठित अपराध सिंडिकेट के किसी सदस्य के रूप में या ऐसी सिंडिकेट की ओर से अकेले या संयुक्त रूप से, स्वयं के लिए या किसी भी अन्य व्यक्ति के लिए, धन-संबंधी फायदे प्राप्त करने के लिए या अनुचित आर्थिक या अन्य लाभ प्राप्त करने के या विद्रोह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, हिंसा या हिंसा की धमकी या अभित्रास या प्रपीड़न या अन्य विधिविरुद्ध साधन के उपयोग द्वारा किया गया हो, अभिप्रेत है;

(च) "संगठित अपराध सिंडिकेट" से, दो या अधिक व्यक्तियों का कोई समूह, जो सिंडिकेट या गिरोह के रूप में या तो अकेले या संयुक्त रूप से कार्य करते हुए, संगठित अपराध के क्रियाकलापों में लिप्त है, अभिप्रेत है;

(छ) "विशेष न्यायालय" से धारा 5 के अधीन गठित विशेष न्यायालय अभिप्रेत है;

(ज) "राज्य सरकार" से राजस्थान राज्य की सरकार का प्रशासनिक विभाग अभिप्रेत है।

(2) इस अधिनियम में प्रयुक्त किये गये किन्तु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो संहिता में क्रमश: उन्हें समनुदेशित किया गया है।

3. संगठित अपराध के लिए दण्ड.- (1) जो कोई भी संगठित अपराध का कोई अपराध करता है वह,-

(i) यदि ऐसे अपराध के परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो, मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय होगा और ऐसे जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम एक लाख रुपये का होगा;

(ii) किसी भी अन्य मामले में, ऐसी अवधि के कारावास से, जो पांच वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम पांच लाख रुपये का होगा।

(2) जो कोई भी किसी संगठित अपराध को करने का षड्यंत्र करता है या कारित करने का प्रयत्न करता है या पक्ष समर्थन करता है, दुष्प्रेरण करता है या जानते हुए उसका किया जाना सुकर बनाता है, या संगठित अपराध करने की तैयारी के लिए कोई कार्य करता है, वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो पांच वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम पांच लाख रुपये का होगा।

(3) जो कोई भी किसी संगठित अपराध सिंडिकेट के किसी भी सदस्य को संश्रय देता है या छिपाता है या संश्रय देने या छिपाने का प्रयत्न करता है, वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो पांच वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम पांच लाख रुपये का होगा।

(4) जो कोई भी व्यक्ति, जो किसी संगठित अपराध सिंडिकेट का सदस्य है, वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो पांच वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम पांच लाख रुपये का होगा।

(5) जो कोई भी, किसी संगठित अपराध किये जाने से व्युत्पन्न या प्राप्त, या संगठित अपराध सिंडिकेट निधियों के माध्यम से अर्जित, किसी सम्पत्ति को धारित करता है, वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो तीन वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो आजीवन कारावास तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम दो लाख रुपये का होगा।

4. संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य की ओर से बिना हिसाब के धन का कब्जा रखने के लिए दण्ड.- यदि किसी भी व्यक्ति के पास संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य की ओर से ऐसी जंगम या स्थावर सम्पत्ति का कब्जा है या किसी भी समय रहा है, जिसका वह समाधानप्रद रूप से हिसाब नहीं दे सकता हो तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो तीन वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो दस वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा, जो न्यूनतम एक लाख रुपये का होगा और ऐसी सम्पत्ति कुर्की और समपहरण के दायित्व के अधीन भी होगी, जैसा कि धारा 20 में उपबंधित है।

5. विशेष न्यायालय.- (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, ऐसे क्षेत्र या क्षेत्रों के लिए, या ऐसे मामले या मामलों के समूह या वर्ग के लिए, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये, एक या अधिक विशेष न्यायालय गठित कर सकेगी।

(2) जहां किसी भी विशेष न्यायालय की अधिकारिता के बारे में कोई प्रश्न उद्भूत हो, वहां उसे राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका विनिश्चय अंतिम होगा।

(3) विशेष न्यायालय की पीठासीनता राज्य सरकार द्वारा, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से, नियुक्त किये जाने वाले न्यायाधीश द्वारा की जायेगी। राज्य सरकार, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से, विशेष न्यायालय की अधिकारिता का प्रयोग करने के लिए, अतिरिक्त न्यायाधीशों को भी नियुक्त कर सकेगी।

(4) कोई व्यक्ति किसी विशेष न्यायालय के न्यायाधीश या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए तब तक अर्हित नहीं होगा, जब तक कि वह ऐसी नियुक्ति के ठीक पूर्व सेशन न्यायाधीश या अपर सेशन न्यायाधीश नहीं हो।

(5) जहां कोई अतिरिक्त न्यायाधीश या अतिरिक्त न्यायाधीशों को विशेष न्यायालय में नियुक्त किया जाता है या किये जाते हैं, वहां विशेष न्यायालय का न्यायाधीश लिखित में साधारण या विशेष आदेश द्वारा, समय-समय पर, विशेष न्यायालय के कार्य को अपने और अतिरिक्त न्यायाधीश या अतिरिक्त न्यायाधीशों में वितरण के लिए और अपनी अनुपस्थिति या किसी भी अतिरिक्त न्यायाधीश की अनुपस्थिति की दशा में अत्यावश्यक कार्य के निपटारे के लिए भी उपबंध कर सकेगा।

6. विशेष न्यायालय की अधिकारिता.- संहिता में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय प्रत्येक अपराध केवल ऐसे विशेष न्यायालय द्वारा, जिसकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर वह किया गया है या, यथास्थिति, धारा 5 की उप-धारा (1) के अधीन ऐसे अपराध के विचारण के लिए गठित विशेष न्यायालय द्वारा, विचारणीय होगा।

7. अन्य अपराधों के संबंध में विशेष न्यायालय की शक्तियां.- (1) इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का विचारण करते समय, विशेष न्यायालय ऐसे किसी भी अन्य अपराध का भी विचारण कर सकेगा जिससे अभियुक्त को, उसी विचारण में संहिता के अधीन आरोपित किया जाये, यदि अपराध ऐसे अन्य अपराध से संसक्त हो। (2) यदि, इस अधिनियम के अधीन किसी भी अपराध के किसी भी विचारण के अनुक्रम में, यह पाया जाता है कि अभियुक्त व्यक्ति ने इस अधिनियम के अधीन या किसी भी अन्य विधि के अधीन कोई अन्य अपराध किया है तो विशेष न्यायालय ऐसे व्यक्ति को ऐसे अन्य अपराध के दण्ड के लिए दोषसिद्ध कर सकेगा और इस अधिनियम या, यथास्थिति, ऐसी अन्य विधि द्वारा प्राधिकृत कोई भी दण्डादेश पारित कर सकेगा।

8. लोक अभियोजक.- (1) राज्य सरकार, प्रत्येक विशेष न्यायालय के लिए, किसी व्यक्ति को लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करेगी और एक या अधिक व्यक्तियों को अपर लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजकों के रूप में नियुक्त कर सकेगी:

परन्तु राज्य सरकार किसी भी मामले या मामलों के समूह के लिए भी कोई विशेष लोक अभियोजक नियुक्त कर सकेगी।

(2) कोई भी व्यक्ति तब तक लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक या विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किये जाने के लिए अर्हित नहीं होगा, जब तक वह कम से कम दस वर्ष के लिए अधिवक्ता के रूप में विधि-व्यवसाय में न रहा हो।

(3) इस धारा के अधीन लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजक या विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति को संहिता की धारा 2 के खण्ड (प) के अर्थान्तर्गत लोक अभियोजक समझा जायेगा और संहिता के उपबंध तदनुसार प्रभावी होंगे।

9. विशेष न्यायालय की प्रक्रिया और शक्तियां.- (1) विशेष न्यायालय किसी अपराध का संज्ञान, अभियुक्त को विचारण के लिए उसके सुपुर्द किये बिना, ऐसे अपराध का गठन करने वाले तथ्यों का परिवाद प्राप्त होने पर या ऐसे तथ्यों की पुलिस रिपोर्ट पर, कर सकेगा।

(2) जहां किसी विशेष न्यायालय द्वारा विचारणीय अपराध तीन वर्ष से अनधिक अवधि के कारावास से या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय है, तो विशेष न्यायालय, संहिता की धारा 260 की उप-धारा (1) या धारा 262 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, संहिता में विहित प्रक्रिया के अनुसार संक्षिप्त रूप में अपराध का विचारण कर सकेगा और संहिता की धारा 263 से 265 के उपबंध, जहां तक हो सके, ऐसे विचारण पर लागू होंगे:

परन्तु जहां इस उप-धारा के अधीन संक्षिप्त विचारण के दौरान, विशेष न्यायालय को यह प्रकट होता है कि मामले की प्रकृति ऐसी है कि यह संक्षिप्त रूप में विचारण के लिए अवांछनीय है, तो विशेष न्यायालय, किन्हीं साक्षियों को पुन: बुलाएगा, जिनकी परीक्षा की जा चुकी है और ऐसे अपराध के विचारण के लिए संहिता के उपबन्धों द्वारा उपबन्धित रीति से मामले को पुन: सुनने के लिए अग्रसर होगा और उक्त उपबन्ध, विशेष न्यायालय पर और के संबंध में इस प्रकार लागू होंगे जैसे कि वे मजिस्ट्रेट पर और के संबंध में लागू होते हैं:

परन्तु यह और कि इस धारा के अधीन संक्षिप्त विचारण में किसी दोषसिद्धि के मामले में, विशेष न्यायालय के लिए दो वर्ष से अनधिक अवधि के लिए कारावास का दण्डादेश पारित करना विधिपूर्ण होगा।

(3) विशेष न्यायालय, किसी ऐसे व्यक्ति का, जिसके बारे में किसी अपराध में प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से सरोकार रखने या संसर्गी होने का अनुमान है, साक्ष्य अभिप्राप्त करने की दृष्टि से, ऐसे व्यक्ति को, अपराध से सापेक्ष उसकी जानकारी में, की सम्पूर्ण परिस्थितियों पर उसके द्वारा पूरा और सत्य प्रकटन किये जाने की शर्त पर और उसके किये जाने में, चाहे कर्ता या दुष्प्रेरक के रूप में सरोकार रखने वाले प्रत्येक अन्य व्यक्ति को, क्षमा प्रदान कर सकेगा और इस प्रकार प्रदत्त किसी क्षमा को संहिता की धारा 308 के प्रयोजनों के लिए, उसकी धारा 307 के अधीन प्रदत्त किया हुआ समझा जायेगा।

(4) इस अधिनियम के अन्य उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, विशेष न्यायालय को किसी भी अपराध के विचारण के प्रयोजन के लिए सेशन न्यायालय की समस्त शक्तियां होंगी और वह ऐसे अपराधों का विचारण, जहां तक हो सके, सेशन न्यायालय के समक्ष विचारण के लिए संहिता में विहित प्रक्रिया के अनुसार इस प्रकार करेगा मानो वह सेशन न्यायालय हो।

10. विशेष न्यायालय द्वारा विचारण को अग्रता.- विशेष न्यायालय द्वारा इस अधिनियम के अधीन किसी भी अपराध के विचारण को किसी भी अन्य न्यायालय (जो विशेष न्यायालय नहीं है) में अभियुक्त के विरुद्ध किसी अन्य मामले के विचारण पर अग्रता होगी और वह ऐसे अन्य मामले के विचारण से वरीयता में सम्पन्न किया जायेगा और तद्नुसार ऐसे अन्य मामले का विचारण आस्थगित रहेगा।

11. नियमित न्यायालयों को मामले अंतरित करने की शक्ति.- जहां, किसी अपराध का संज्ञान लेने के पश्चात् विशेष न्यायालय की यह राय हो कि अपराध उसके द्वारा विचारणीय नहीं है वहां वह, इस बात के होने पर भी कि उसे ऐसे अपराध का विचारण करने की कोई अधिकारिता नहीं है, ऐसे अपराध के विचारण के लिए मामला संहिता के अधीन अधिकारिता रखने वाले किसी भी न्यायालय को अन्तरित करेगा और वह न्यायालय, जिसको मामला अंतरित किया जाता है, अपराध के विचारण के लिए इस प्रकार अग्रसर हो सकेगा मानो अपराध का संज्ञान उसी ने लिया था।

12. अपील.- (1) संहिता में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, विशेष न्यायालय के किसी भी निर्णय, दंडादेश या आदेश, जो अंतर्वर्ती आदेश नहीं हो, के विरुद्ध अपील उच्च न्यायालय को होगी।

(2) इस धारा के अधीन प्रत्येक अपील, निर्णय, दंडादेश या आदेश की तारीख से तीस दिवस के भीतर-भीतर की जायेगी।

13. सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति.- राज्य सरकार, गृह विभाग में अपने अधिकारियों में से किसी को, जो शासन सचिव से नीचे की रैंक का न हो, धारा 14 के प्रयोजनों के लिए सक्षम प्राधिकारी नियुक्त कर सकेगी।

14. तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन का प्राधिकार.- (1) इस अधिनियम के अधीन संगठित अपराध के अन्वेषण का पर्यवेक्षण करने वाला कोई पुलिस अधिकारी जो पुलिस अधीक्षक से नीचे की रैंक का न हो, अन्वेषण अधिकारी द्वारा तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन को प्राधिकृत या अनुमोदित करने वाले किसी आदेश के लिए, सक्षम प्राधिकारी को लिखित में आवेदन तब प्रस्तुत कर सकेगा, जब ऐसा अन्तररोधन किसी संगठित अपराध में अंतर्वलित किसी अपराध का साक्ष्य उपलब्ध करा सकता है या उपलब्ध कराया है।

(2) प्रत्येक आवेदन में निम्नलिखित सूचना सम्मिलित होगी:-

(क) आवेदन करने वाले अन्वेषक या विधि प्रवर्तन अधिकारी, और उस आवेदन को प्राधिकृत करने वाले विभागाध्यक्ष की पहचान;

(ख) ऐसे तथ्यों और परिस्थितियों का विवरण, जिन पर आवेदक अपने विश्वास को न्यायोचित ठहराने के लिए निर्भर है कि निम्नलिखित को सम्मिलित करते हुए कोई आदेश जारी किया जाना चाहिए:-

(i) ऐसे संगठित अपराध के अपराध का ब्यौरा जो किया गया है, किया जा रहा है, या किया जाना है;

(ii) ऐसी सुविधाओं की प्रकृति और उनकी अवस्थिति के बारे विशिष्ट वर्णन जिससे या वह स्थान, जहां से संसूचना को अन्तर्रूद्ध किया जाना है;

(iii) संसूचना के प्रकार, जिनके लिए अन्तररोधन चाहा गया है का विशिष्ट वर्णन; और

(iv) संगठित अपराध के किसी अपराध को करने वाले व्यक्ति की पहचान, यदि ज्ञात हो, जिसकी संसूचना को अन्तर्रूद्ध किया जाना है;

(ग) जांच या खुफिया जानकारी जुटाने के अन्य ढंग के प्रयास किये गये हैं या नहीं, और विफल रहे हैं या यदि प्रयास किया गया है तो वे युक्तियुक्त रूप से सफल प्रतीत क्यों नहीं होते हैं, या वे बहुत खतरनाक हैं या उससे उन व्यक्तियों की पहचान उजागर होने की सम्भावना है, जो अन्तररोधन की कार्यवाही से जुड़े हुए हैं, के बारे में विवरण;

(घ) उस समयावधि के बारे में कथन, जिसके लिए अन्तररोधन बनाये रखा जाना अपेक्षित है। यदि जांच की प्रकृति ऐसी है कि अन्तररोधन के लिए प्राधिकार स्वतः

समाप्त नहीं होना चाहिए, जब संसूचना का वर्णित प्रकार पहले अभिप्राप्त कर लिया गया है, यह विश्वास करने के लिए कि उसी प्रकार की अतिरिक्त संसूचना इसके पश्चात् प्रकट होगी, संभावित कारण स्थापित करने वाले तथ्यों का विशिष्ट विवरण;

(ङ) वैयक्तिक प्राधिकार के लिए ज्ञात पूर्व सभी आवेदनों से संबंधित और अन्तररोधन के लिए प्राधिकृत किये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को किया गया आवेदन, या उन्हीं में से लिप्त व्यक्तियों की तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन, आवेदन में विनिर्दिष्ट सुविधाओं या स्थानों के अनुमोदन के लिए और प्रत्येक ऐसे आवेदन पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित तथ्यों का विवरण; और

(च) जहां आवेदन किसी आदेश का विस्तार करने के लिए है, वहां अन्तररोधन से अब तक प्राप्त परिणाम कथित करते हुए विवरण, या ऐसे परिणामों को अभिप्राप्त करने में विफलता का युक्तियुक्त स्पष्टीकरण।

(3) सक्षम प्राधिकारी, आवेदन के समर्थन में अतिरिक्त मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए आवेदक से अपेक्षा कर सकेगा।

(4) ऐसे आवेदन पर सक्षम प्राधिकारी, कारणों को अभिलिखित करने के पश्चात्, आवेदन को नामंजूर कर सकेगा, या तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन को प्राधिकृत या अनुमोदित करने का, यथा निवेदित या यथा उपान्तरित, कोई आदेश जारी कर सकेगा, यदि आवेदक द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी यह अवधारित करता है कि-

(क) यह विश्वास करने का अधिसंभाव्य हेतुक है कि कोई व्यष्टि इस अधिनियम की धारा 3 और 4 के अधीन वर्णित किये गये और दण्डनीय बनाये गये किसी विशिष्ट अपराध को कर रहा है, कर दिया है, या करने वाला है;

(ख) यह विश्वास करने का अधिसंभाव्य हेतुक है कि उस अपराध से संबंधित विशिष्ट संसूचनाएं, ऐसे अन्तररोधन के माध्यम से अभिप्राप्त की जायेंगी;

(ग) जांच और खुफिया जानकारी जुटाने के सामान्य ढंग के प्रयास किये गये हैं, और विफल हो गये हैं, या यदि प्रयास किया गया है तो वे युक्तियुक्त रूप से सफल प्रतीत नहीं होते हैं, या बहुत खतरनाक हैं या उनसे अन्तररोधन के संचालन से जुड़े हुए व्यक्तियों की पहचान उजागर होने की सम्भावना है;

(घ) यह विश्वास करने का अधिसंभाव्य हेतुक है कि सुविधाएं, जिनसे, या वह स्थान जहां तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना का अन्तररोधन किया जाना है या ऐसा अपराध कारित करने के संबंध में उपयोग की गयी हैं या उपयोग की जाने वाली हैं, जो ऐसे व्यक्ति को पट्टे पर दिया गया है, या उसके नाम से सूचीबद्ध है, या उसके द्वारा सामान्यत: प्रयुक्त किया जाता है।

(5) इस धारा के अधीन किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन को प्राधिकृत या अनुमोदित करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा किये गये प्रत्येक आदेश में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होगा:-

(क) ऐसे व्यक्ति की पहचान, यदि ज्ञात हो, जिसकी संसूचना का अन्तररोधन किया जाना है;

(ख) संसूचना सुविधाओं की प्रकृति, जिनके बारे में, या स्थान की अवस्थिति जहां, अन्तररोधन का प्राधिकार प्रदान किया जाये;

(ग) संसूचना, जिसके लिए अन्तररोधन चाहा गया है, के प्रकार का विशिष्ट विवरण, और विशिष्ट अपराध, जिससे यह संबंधित है, का विवरण;

(घ) संसूचना का अन्तररोधन करने के लिए प्राधिकृत अभिकरण, और आवेदन को प्राधिकृत करने वाले व्यक्ति की पहचान; और

(ङ) ऐसे कथन, कि जब वर्णित संसूचना पहले ही प्राप्त हो गयी हो तो अन्तररोधन स्वत: ही समाप्त हो जायेगा या नहीं, को सम्मिलित करते हुए वह समयावधि, जिसके दौरान ऐसा अन्तररोधन प्राधिकृत किया जाता है।

(6) सक्षम प्राधिकारी, उप-धारा (4) के अधीन आदेश पारित करने के तुरन्त पश्चात्, किन्तु किसी भी दशा में आदेश पारित किये जाने से सात दिवस के अपश्चात्, धारा 15 के अधीन गठित पुनर्विलोकन समिति को, अपने द्वारा आदेश पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिए, उक्त आदेश के संबंध में समस्त सुसंगत अंतर्निहित कागज-पत्र, अभिलेख और अपने निष्कर्ष इत्यादि सहित, उसकी एक प्रति प्रस्तुत करेगा।

(7) इस धारा के अधीन किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन को प्राधिकृत करने वाले किसी आदेश में आवेदक के निवेदन पर, यह निदिष्ट होगा कि तार या इलेक्ट्रानिक संसूचना सेवा का प्रदाता, भू-स्वामी, अभिरक्षक या अन्य व्यक्ति, ऐसी सेवाओं के बिना अन्तररोध और सहज रूप से और न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ अन्तररोधन को पूरा करने के लिए आवश्यक समस्त सूचनाएं, सुविधाएं और तकनीकी सहायता तत्काल आवेदक को देगा, कि ऐसा सेवा प्रदाता, भू-स्वामी, संरक्षक, या व्यक्ति, उस व्यक्ति को सूचना उपलब्ध करवा रहा है, जिसकी संसूचना का अन्तररोधन किया जाना है।

(8) इस धारा के अधीन जारी किया गया कोई भी आदेश किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन को, ऐसी किसी कालावधि से अधिक के लिए, जितनी कि प्राधिकार के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हो, जो किसी भी दशा में साठ दिवस से अधिक की न हो, प्राधिकृत या अनुमोदित नहीं कर सकेगा। ऐसे साठ दिवस की कालावधि, उस दिवस से ठीक पूर्ववर्ती दिवस, जिसको अन्वेषक या विधि प्रवर्तन अधिकारी ऐसे आदेश के अधीन किसी अन्तररोधन के संचालन को प्रथम बार प्रारम्भ करता है या आदेश जारी किये जाने के दस दिवस के पश्चात्, जो भी पहले हो, से प्रारम्भ होगी। किसी आदेश का विस्तार उप-धारा (1) के अनुसार विस्तार के लिए किये गये आवेदन पर और सक्षम प्राधिकारी द्वारा उप-धारा (4) द्वारा अपेक्षित निष्कर्ष पर ही प्रदान किया जा सकेगा। विस्तार की कालावधि, उन प्रयोजनों, जिनके लिए यह प्रदान किया गया था, को पूरा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली कालावधि से अधिक की नहीं होगी और किसी भी दशा में एक बार में साठ दिवस से अधिक की नहीं होगी। प्रत्येक आदेश और उसके विस्तार में यह उपबंध अंतर्विष्ट किया जायेगा कि अन्तररोधन का प्राधिकार, यथासाध्य शीघ्रता से, निष्पादित किया जायेगा और इस धारा के अधीन अन्यथा अन्तररोधन के अध्यधीन रहते हुए,

उसे ऐसे तरीके या रीति से संचालित किया जायेगा ताकि संसूचना का अन्तररोधन न्यूनतम हो और प्राधिकृत उद्देश्यों की प्राप्ति पर या किसी भी दशा में आदेश की कालावधि के अवसान पर समाप्त हो जायेगा। अन्तररोधित संसूचना के ऐसे मामले में, जब वह किसी संकेत-लिपि या विदेशी भाषा में है, और उस विदेशी भाषा या संकेत-लिपि का विशेषज्ञ, अन्तररोधन अवधि के दौरान उचित रूप से उपलब्ध नहीं है तो ऐसे अन्तररोधन के पश्चात्, यथासाध्य शीघ्रता से, न्यूनीकरण की कार्यवाही की जा सकेगी। इस धारा के अधीन कोई अन्तररोधन, किसी लोक सेवक द्वारा या अन्तररोधन संचालित करने के लिए प्राधिकृत अन्वेषक या विधि प्रवर्तन अधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन कार्यरत, राज्य सरकार के साथ किसी संविदा के अधीन काम करने वाले किसी व्यष्टि द्वारा पूर्णतः या भागतः संचालित किया जा सकेगा।

(9) जब कभी अन्तररोधन को प्राधिकृत करने वाला कोई आदेश इस धारा के अनुसरण में जारी किया जाता है, तो आदेश में, उस सक्षम प्राधिकारी, जिसने प्राधिकृत उद्देश्य को पूरा करने की प्रगति और निरंतर अन्तररोधन की आवश्यकता दर्शित करते हुए आदेश जारी किया है, को की जाने वाली रिपोर्ट अपेक्षित हो सकेगी। ऐसी रिपोर्ट ऐसे अन्तरालों पर, जैसी कि सक्षम प्राधिकारी अपेक्षा करे, की जायेगी।

(10) इस धारा के किसी अन्य उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई अधिकारी, जो पुलिस अपर महानिदेशक से नीचे की रैंक का न हो, जो युक्तियुक्त रूप से यह अवधारित करता है कि-

(क) कोई आपात स्थिति विद्यमान है, जिसमें निम्नलिखित अंतर्वलित हैं-

(i) किसी भी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर शारीरिक क्षति का आसन्न संकट;

(ii) राज्य की सुरक्षा या हित को जोखिम में डालने वाले षड्यंत्रकारी क्रियाकलाप;

(iii) षड्यंत्रकारी क्रियाकलाप, संगठित अपराध के लक्षण, जो ऐसे अन्तररोधन को प्राधिकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारी से किसी आदेश, जो सम्यक तत्परता से अभिप्राप्त किया जा सकता है, के पूर्व किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना को अवरोधित किया जाना अपेक्षित है; और

(ख) ऐसे अन्तररोधन को प्राधिकृत करने के लिए ऐसे आधार हैं, जिन पर इस धारा के अधीन कोई आदेश जारी किया जा सकता है,

तो वह अन्वेषण करने वाले पुलिस अधिकारी को ऐसे तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन के लिए लिखित में प्राधिकृत कर सकेगा, यदि अन्तररोधन का अनुमोदन करने वाले किसी आदेश के लिए कोई आवेदन, अन्तररोधन होने के पश्चात् या उसके प्रारम्भ होने से अड़तालीस घण्टे के भीतर उप-धारा (1) और (2) के उपबंधों के अनुसार किया जाता है।

(11) उप-धारा (10) के अधीन किये गये अन्तररोधन को अनुमोदित करने वाले किसी आदेश के अभाव में, ऐसा अन्तररोधन तुरन्त समाप्त हो जायेगा, जब चाही गयी संसूचना अभिप्राप्त हो जाती है या जब आदेश के लिए आवेदन को नामंजूर कर दिया जाता है, जो भी पहले हो। ऐसी दशा में, जहां उप-धारा (4) के अधीन अन्तररोधन की अनुज्ञा देने के लिए कोई आवेदन नामंजूर कर दिया जाता है या अनुमोदन के लिए कोई आवेदन उप-धारा (10) के अधीन नामंजूर कर दिया जाता है, या किसी अन्य मामले में, जहां अन्तररोधन किसी आदेश के जारी किये बिना समाप्त किया जाता है तो

अवरोधित किये गये किसी तार, इलेक्ट्रोनिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तु इस धारा का अतिक्रमण करके अभिप्राप्त की गयी समझी जायेगी ।

(12) (क) इस धारा द्वारा प्राधिकृत किन्हीं भी साधनों के माध्यम से अवरोधित किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तु, यदि संभव हो, टेप या तार या अन्य तुल्य युक्ति पर रिकार्ड की जायेगी। इस उप-धारा के अधीन किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तुओं की रिकार्डिंग ऐसी पद्धति से की जायेगी, जो रिकार्डिंग को बदलाव या अन्य परिवर्तनों से सुरक्षित रखेगी। आदेश या उसके विस्तार की कालावधि की समाप्ति पर, तुरन्त ऐसी रिकार्डिंग, ऐसे आदेश जारी करने वाले सक्षम प्राधिकारी को उपलब्ध करवायी जायेगी और उसके निदेशों के अधीन मुहरबंद की जायेगी। रिकार्डिंग की अभिरक्षा वहां होगी जहां के लिए सक्षम प्राधिकारी आदेश करे। उन्हें सक्षम प्राधिकारी के आदेश के सिवाय नष्ट नहीं किया जायेगा और किसी भी दशा में दस वर्ष के लिए रखा जायेगा;

(ख) इस धारा के अधीन किये गये आवेदन और जारी किये गये आदेश, सक्षम प्राधिकारी द्वारा मुहरबंद किये जायेंगे। आवेदनों और आदेशों की अभिरक्षा वहां होगी जहां के लिए सक्षम प्राधिकारी निदेश दे, और उन्हें सक्षम प्राधिकारी के आदेश के सिवाय नष्ट नहीं किया जायेगा, और किसी भी दशा में, दस वर्ष के लिए रखा जायेगा।

(ग) सक्षम प्राधिकारी, किसी प्रस्ताव के फाइल किये जाने पर अपने विवेक से, ऐसे व्यक्ति या उसके काउंसेल को, निरीक्षण के लिए अवरोधित संसूचना, आवेदनों और आदेशों का ऐसा भाग, जो सक्षम प्राधिकारी न्याय के हित में अवधारित करता है, उपलब्ध करवा सकेगा।

(13) संहिता में या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, इस धारा के अधीन तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन के माध्यम से संगृहीत साक्ष्य किसी मामले के विचारण के दौरान न्यायालय में अभियुक्त के विरूद्ध साक्ष्य के रूप में ग्राह्य होगा:

परन्तु इस धारा के अनुसरण में अवरोधित किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तु या उससे व्युतपन्न साक्ष्य को किसी न्यायालय में किसी विचारण, सुनवाई या अन्य कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में तब तक ग्रहण नहीं किया जायेगा या अन्यथा प्रकट नहीं किया जायेगा, जब तक कि प्रत्येक पक्षकार को विचारण, सुनवाई या कार्यवाही से कम से कम दस दिवस पूर्व, सक्षम प्राधिकारी के आदेश, जिसके अधीन अन्तररोधन प्राधिकृत या अनुमोदित किया गया था, की एक प्रति, आवेदन के साथ, नहीं दे दी गयी हो; नहीं कर दे:

परन्तु यह और कि इस दस दिवस की कालावधि को, मामले का विचारण करने वाले न्यायाधीश द्वारा अधित्यजित किया जा सकेगा, यदि उसे यह ज्ञात होता है कि ऐसे विचारण, सुनवाई या कार्यवाही से दस दिवस पूर्व उपर्युक्त सूचना पक्षकार को दिया जाना सम्भव नहीं था और ऐसी सूचना को प्राप्त करने में विलम्ब से उस पक्षकार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

स्पष्टीकरण.- इस धारा के प्रयोजनों के लिए-

(क) "तार संसूचना" से बिन्दु और कनेक्शन बिन्दु के बीच, उदगम बिन्दु और रिसेप्शन बिन्दु (ऐसे स्वीचिंग स्टेशन कनेक्शन के उपयोग को सम्मिलित करते हुए) के बीच तार, केबल या ऐसे ही किसी अन्य प्रकार के कनेक्शन की सहायता से संसूचना के पारेषण के लिए सुविधाओं के उपयोग के माध्यम से पूर्णतः या भागतः किया गया कोई

कर्णगत अन्तरण अभिप्रेत है और ऐसे पद में ऐसी संसूचना का कोई इलेक्ट्रानिक भंडारण सम्मिलित है;

(ख) "मौखिक संसूचना" से किसी व्यक्ति द्वारा इस प्रत्याशा में बोली गयी कोई भी मौखिक संसूचना अभिप्रेत है और ऐसी संसूचना, ऐसे अपवाद को न्यायोचित ठहराने वाली परिस्थितियों के अधीन अन्तररोध के अध्यधीन नहीं है, किन्तु ऐसे पद में कोई इलेक्ट्रानिक संसूचना सम्मिलित नहीं है;

(ग) "इलेक्ट्रानिक संसूचना" से किसी तार, रेडियो, इलेक्ट्रामैग्नैटिक, फोटो-इलेक्ट्रानिक या फोटो प्रकाशीय प्रणाली, जो अन्तर्देशीय या वैदेशिक वाणिज्य को प्रभावित करती है, द्वारा पूर्णत: या भागत: पारेषित किसी भी स्वरूप के संकेत, सिग्नल, लेख, छवि, ध्वनि, डाटा या आसूचना का कोई भी अन्तरण अभिप्रेत है किन्तु इसमें निम्नलिखित सम्मिलित नहीं हैं-

(i) किसी बेतार टेलिफोन संसूचना का रेडियो भाग जो बेतार टेलिफोन हैंडसेट और बेस यूनिट के बीच पारेषित होता है;

(ii) कोई तार या मौखिक संसूचना;

(iii) केवल पेजिंग युक्ति टोन के माध्यम से की गयी कोई संसूचना; या

(iv) ट्रैकिंग युक्ति से कोई संसूचना;

(घ) "अन्तररोध" से किसी इलेक्ट्रानिक, यान्त्रिक या अन्य युक्ति के उपयोग के माध्यम से तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना द्वारा अन्तर्वस्तुओं का कर्णगत या अन्य अर्जन अभिप्रेत है।

15. प्राधिकार आदेशों के पुनर्विलोकन के लिए पुनर्विलोकन समिति का गठन:- (1) धारा 14 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश का पुनर्विलोकन करने के लिए पुनर्विलोकन समिति होगी।

(2) पुनर्विलोकन समिति निम्नलिखित पदेन सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

(i) मुख्य सचिव — अध्यक्ष;

(ii) प्रभारी शासन सचिव, गृह विभाग — सदस्य; और

(iii) प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग सह-विधि परामर्शी, — सदस्य।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए "प्रभारी शासन सचिव" से किसी विभाग का प्रभारी शासन सचिव अभिप्रेत है और इसमें कोई अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव, जब वह उस विभाग का प्रभारी हो, सम्मिलित है।

(3) पुनर्विलोकन समिति के समक्ष सक्षम प्राधिकारी द्वारा धारा 14 के अधीन पारित प्रत्येक आदेश पर, इसकी प्राप्ति के पश्चात् दस दिवस के भीतर-भीतर, पुनर्विलोकन समिति द्वारा यह विनिश्चय करने के लिए विचार किया जायेगा कि क्या आपात स्थिति में उस धारा की उप-धारा (10) के अधीन किये गये अन्तररोधन के लिए या अन्तररोधन के अननुमोदन के लिए, धारा 14 की उप-धारा (4) के अधीन आवेदन को प्राधिकृत या अनुमोदित करने के लिए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश आवश्यक, युक्तियुक्त और न्यायोचित था।

(4) पुनर्विलोकन समिति, सम्पूर्ण अभिलेख की परीक्षा और ऐसी जांच, यदि कोई हो, जो आवश्यक समझी जाये, करने के पश्चात्, लिखित आदेश द्वारा या तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को अनुमोदित कर सकेगी या उसे अननुमोदित करने के आदेश जारी कर सकेगी। पुनर्विलोकन समिति द्वारा अननुमोदन के किसी आदेश के जारी किये जाने पर, पहले से लागू अन्तररोधन, यदि कोई हो, तत्काल रोक दिया जायेगा। उसके बाद टेप, तार या अन्य युक्ति के रूप में अन्तररोधित संसूचना, यदि कोई हो, किसी भी दशा में साक्ष्य के रूप में ग्राह्य नहीं होगी और उसे नष्ट किये जाने के लिए निदिष्ट किया जायेगा।

16. प्रतिषिद्ध तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना का अन्तररोधन और प्रकटीकरण.- धारा 14 में अन्यथा विनिर्दिष्ट रूप से उपबंधित के सिवाय, कोई पुलिस अधिकारी, जो-

(क) किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना का साशय अन्तररोधन करता है या अन्तररोधन करने का प्रयास करता है या अन्तररोधन करने या अन्तररोधन का प्रयास करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को उपाप्त करता है;

(ख) किसी मौखिक संसूचना का अन्तररोधन करने के लिए किसी इलेक्ट्रानिक, यांत्रिक या अन्य युक्ति का साशय उपयोग करता है, उपयोग करने का प्रयास करता है, या उपयोग करने या उपयोग का प्रयास करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को उपाप्त करता है, जब-

(i) ऐसी युक्ति किसी तार, केबल या तार संसूचना में प्रयुक्त उसी प्रकार के अन्य कनेक्शन के माध्यम से जुड़ी हुई है या अन्यथा सिग्नल पारेषित करती है; या

(ii) ऐसी युक्ति रेडियो द्वारा संसूचना पारेषित करती है या ऐसी संसूचना के पारेषण में बाधा डालती है;

(ग) किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तुओं को किसी अन्य व्यक्ति को, साशय प्रकट करता है या प्रकट करने का प्रयास करता है या यह जानते हुए या यह जानने का कारण रखते हुए कि किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन के माध्यम से अभिप्राप्त की गयी सूचना इस उप-धारा का अतिक्रमण है;

(घ) किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तुओं का, यह जानते हुए या यह जानने का कारण रखते हुए कि किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन के माध्यम से अभिप्राप्त की गयी सूचना इस उप-धारा का अतिक्रमण है साशय उपयोग करता है या उपयोग करने का प्रयास करता है; या

(ङ) (i) धारा 14 द्वारा प्राधिकृत किसी साधन द्वारा अन्तररोधित किसी तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना की अन्तर्वस्तुओं को किसी अन्य व्यक्ति को साशय प्रकट करता है, या प्रकट करने का प्रयास करता है;

(ii) यह जानते हुए या जानने का कारण रखते हुए कि सूचना इस अधिनियम के अधीन किसी आपराधिक अन्वेषण के संबंध में ऐसी किसी संसूचना के अन्तररोधन के माध्यम से अभिप्राप्त की गयी थी;

(iii) किसी आपराधिक अन्वेषण के संबंध में सूचना अभिप्राप्त या प्राप्त करता है; और

(iv) किसी सम्यक् रूप से प्राधिकृत आपराधिक अन्वेषण में अनुचित रूप से बाधा डालने, अड़चन डालने, या हस्तक्षेप करने का आशय रखता है; या

(च) धारा 15 की उप-धारा (4) के अधीन, पुनर्विलोकन समिति द्वारा अननुमोदन के किसी आदेश के जारी किये जाने के पश्चात्, तार, इलेक्ट्रानिक या मौखिक संसूचना के अन्तररोधन को साशय जारी रखता है,

तो ऐसे अतिक्रमण के लिए ऐसी अवधि के कारावास से, जो एक वर्ष तक की हो सकेगी और पचास हजार रूपए तक के जुर्माने से, दण्डनीय होगा।

17. साक्ष्य के विशेष नियम.- (1) संहिता या भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 1) में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होने पर भी, इस अधिनियम के अधीन अपराधों या संसक्त अपराधों के विचारण और दण्ड के प्रयोजनों के लिए न्यायालय इस तथ्य को साक्ष्यस्वरूप विचार में ले सकेगा कि अभियुक्त,–

(क) किसी पूर्व अवसर पर संहिता की धारा 107 या धारा 110 के अधीन आबद्ध था;

(ख) निवारक निरोध से संबंधित किसी विधि के अधीन निरुद्ध था; या

(ग) किसी पूर्व अवसर पर इस अधिनियम के अधीन विशेष न्यायालय में अभियोजित किया गया था।

(2) जहां यह साबित कर दिया जाता है कि किसी संगठित अपराध मे लिप्त किसी व्यक्ति या उसकी ओर से किसी व्यक्ति के कब्जे में ऐसी जंगम या स्थावर सम्पत्ति है या किसी भी समय रही है जिसका वह समाधानप्रद रूप से हिसाब नहीं दे सकता है, वहां विशेष न्यायालय, जब तक कि प्रतिकूल साबित नहीं कर दिया जाता है, यह उपधारणा करेगा कि ऐसी सम्पत्ति या धन-संबंधी संसाधन उसके अवैध क्रियाकलापों द्वारा अर्जित या व्युत्पन्न किये गये हैं।

(3) जहां यह साबित कर दिया जाता है कि अभियुक्त ने किसी व्यक्ति का व्यपहरण या अपहरण किया है वहां विशेष न्यायालय यह उपधारणा करेगा कि वह फिरौती के लिए था।

18. किसी पुलिस अधिकारी को की गयी कतिपय संस्वीकृतियों को विचार में लिया जाना.- (1) संहिता में या भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 1) में किसी बात के होने पर भी, किन्तु इस धारा के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, किसी व्यक्ति द्वारा किसी पुलिस अधिकारी जो पुलिस अधीक्षक से नीचे की रैंक का न हो, के समक्ष की गयी संस्वीकृति और जो ऐसे पुलिस अधिकारी द्वारा या तो लिखित में या किसी भी यान्त्रिक युक्ति जैसे कैसेट, टेप या ध्वनि ट्रैक पर, जिससे ध्वनियां या आकृतियां पुन: प्रस्तुत की जा सकती हों, अभिलिखित की गयी, ऐसे व्यक्ति, सह-अभियुक्त, दुष्प्रेरक या षड्यंत्रकारी के विचारण में ग्राह्य होगी:

परन्तु यह तब जब कि सह-अभियुक्त, दुष्प्रेरक या षड्यन्त्रकारी को अभियुक्त के साथ उसी मामले में आरोपित और विचारित किया जाता है।

(2) संस्वीकृति, मुक्त वातावरण में उसी भाषा में अभिलिखित की जायेगी, जिसमें व्यक्ति की परीक्षा की जाती है और जो उसके द्वारा बयान की गयी है।

(3) पुलिस अधिकारी, उप-धारा (1) के अधीन कोई भी संस्वीकृति अभिलिखित करने से पूर्व, उसे करने वाले व्यक्ति को यह स्पष्ट करेगा कि वह संस्वीकृति करने के लिए आबद्ध नहीं है और कि यदि वह ऐसा करता है तो, उसे उसके विरुद्ध साक्ष्य के रूप में उपयोग में लिया जा सकेगा और ऐसा

पुलिस अधिकारी ऐसी किसी भी संस्वीकृति को तब तक अभिलिखित नहीं करेगा जब तक कि उसे करने वाले व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसका यह समाधान नहीं हो जाता है कि वह स्वेच्छा से की जा रही है। संबंधित पुलिस अधिकारी, ऐसी स्वैच्छिक संस्वीकृति अभिलिखित करने के पश्चात्, संस्वीकृति के नीचे उसकी तारीख और समय अंकित करते हुए, ऐसी संस्वीकृति की स्वैच्छिक प्रकृति के बारे में अपने वैयक्तिक समाधान के बारे में लिखित में प्रमाणित करेगा।

(4) उप-धारा (1) के अधीन अभिलिखित प्रत्येक संस्वीकृति ऐसे क्षेत्र, जिसमें ऐसी संस्वीकृति अभिलिखित की गयी है, पर अधिकारिता रखने वाले मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को तुरंत भेजी जायेगी और ऐसा मजिस्ट्रेट इस प्रकार प्राप्त अभिलिखित संस्वीकृति को उस विशेष न्यायालय को अग्रेषित करेगा जो अपराध का संज्ञान ले सकेगा।

(5) ऐसे व्यक्ति को भी जिसकी उप-धारा (1) के अधीन संस्वीकृति अभिलिखित की गयी है, ऐसे मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, के जिसको लिखित या यांत्रिक युक्ति पर अभिलिखित संस्वीकृति के मूल कथन के साथ उप-धारा (4) के अधीन संस्वीकृति भेजी जानी अपेक्षित है, के समक्ष अनुचित विलम्ब के बिना पेश किया जायेगा।

(6) मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इस प्रकार पेश किये गये अभियुक्त का कथन, यदि कोई हो, निष्ठा से अभिलिखित करेगा और उसके हस्ताक्षर लेगा और यातना की किसी शिकायत के मामले में, ऐसे व्यक्ति को किसी चिकित्सा अधिकारी जो सहायक सिविल सर्जन की रैंक से नीचे का न हो, के समक्ष चिकित्सीय परीक्षा के लिए पेश किये जाने का निदेश दिया जायेगा।

19. साक्षी का संरक्षण.- (1) संहिता में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, इस अधिनियम के अधीन की कार्यवाहियां, बंद कमरे में की जा सकेंगी, यदि विशेष न्यायालय ऐसा चाहे।

(2) विशेष न्यायालय, उसके समक्ष की किसी भी कार्यवाही में किसी साक्षी द्वारा या ऐसे साक्षी के संबंध में लोक अभियोजक द्वारा किये गये आवेदन पर या स्वप्रेरणा से, किसी भी साक्षी की पहचान और पता गुप्त रखने के लिए ऐसे उपाय कर सकेगा, जो वह ठीक समझे।

(3) विशिष्टतया, और उप-धारा (2) के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे उपाय, जो कोई विशेष न्यायालय उस उप-धारा के अधीन कर सकेगा, के अन्तर्गत निम्नलिखित हो सकेगा,-

(क) कार्यवाहियों का ऐसे स्थान पर किया जाना जो विशेष न्यायालय द्वारा विनिश्चित किया जाये;

(ख) अपने आदेशों या निर्णयों में या जनता की पहुंच वाले मामले के किन्हीं भी अभिलेखों में साक्षियों के नामों और पतों का उल्लेख करने से बचना;

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कोई भी निदेश जारी करना कि साक्षियों की पहचान और पते प्रकट नहीं किये जायें;

(घ) यह कि ऐसा आदेश करना लोकहित में है कि ऐसे न्यायालय के समक्ष लम्बित समस्त या कोई भी कार्यवाहियां किसी भी रीति से प्रकाशित नहीं की जायेंगी।

(4) ऐसा कोई व्यक्ति, जो उप-धारा (3) के अधीन जारी किये गये किसी भी निदेश का उल्लंघन करता है, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो एक वर्ष तक की हो सकेगी और ऐसे जुर्माने से, जो एक हजार रूपये तक का हो सकेगा, से दण्डनीय होगा।

20. सम्पत्ति का समपहरण और कुर्की.- (1) जहां कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध किया गया है, वहां विशेष न्यायालय, कोई भी दण्ड अधिनिर्णीत करने के अतिरिक्त, लिखित आदेश द्वारा यह घोषणा कर सकेगा कि अभियुक्त की और आदेश में विनिर्दिष्ट कोई भी जंगम या स्थावर सम्पत्ति या दोनों सभी विल्लंगमों से मुक्त रूप में राज्य सरकार को समपहृत हो जायेगी।

(2) जब कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन किसी भी अपराध का अभियुक्त हो, तो उसका विचारण करने वाला विशेष न्यायालय यह आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र होगा कि उसकी समस्त या कोई भी जंगम या स्थावर सम्पत्ति या दोनों ऐसे विचारण की कालावधि के दौरान कुर्क कर ली जायें, और जहां ऐसे विचारण में दोषसिद्धि होती है वहां इस प्रकार कुर्क सम्पत्तियां सभी विल्लंगमों से मुक्त रूप में राज्य सरकार को समपहृत हो जायेंगी।

